समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Friday, 25 September 2026

# भारत के किस राज्य मे है संबसे ज्यादा यूनिवर्सिटी ? जाने टॉप-5 राज्यों की लिस्ट ।

Publisher
Published on 09 Jun 2025



## कर्नाटक नंबर-1, यूपी तीसरे नंबर पर — जानिए भारत के उन राज्यों के नाम जहां सबसे ज्यादा विश्वविद्यालय है ।

**नई दिल्ली :** भारत में उच्च शिक्षा का दायरा लगातार बढ़ता जा रहा है। आज देशभर में हजारों **विश्वविद्यालय (Universities)** लाखों छात्रों को न केवल डिग्री बल्कि **रिसर्च, नवाचार** और **समाज निर्माण** के लिए भी तैयार कर रहे हैं।
लेकिन क्या आप जानते हैं कि भारत के किस राज्य में सबसे ज्यादा **यूनिवर्सिटीज** मौजूद हैं ? अगर आपका जवाब **दिल्ली या उत्तर प्रदेश** है तो यह सही नहीं है। इस लिस्ट में सबसे ऊपर है कर्नाटक। आइए जानते हैं **टॉप-5 राज्यों** की पूरी लिस्ट।

**भारत मे किस राज्य मे संबसे ज्यादा यूनिवर्सिटी है ?**
मीडिया रिपोर्ट्स और **UGC डेटा के अनुसार**, देश में सबसे **ज्यादा विश्वविद्यालय कर्नाटक** में मौजूद हैं। यहां **कुल 43 यूनिवर्सिटी** हैं।
यह **राज्य शैक्षणिक क्षेत्र मे अंग्रणी** रहा है, यहां पर **इंजीनियरिंग, मेडिकल, मैनेजमेंट** से लेकर **आर्ट्स** और **रिसर्च** में कई **प्रतिष्ठित संस्थान** हैं।

**टॉप-5 राज्यों की लिस्ट**

| **रैकं** | **राज्य का नाम** | **यूनिवर्सिटी की संख्या** |
|---|---|---|
| 1 | कर्नाटक | 43 |
| 2 | पश्चिम बंगाल | 38 |
| 3 | उत्तर प्रदेश | 34 |

| | | |
|---|---|---|
| 4 | महाराष्ट्र | 30 |
| 5 | आंध्र प्रदेश | 28 |

**पूरे देश मे कितनी यूनिवर्सिटी है ?**

**UGC (विश्वविद्यालय अनुदान आयोग)** के आंकड़ों के अनुसार **मार्च 2023** तक देश में **कुल 1078 यूनिवर्सिटी** थीं:

१. **464 स्टेट यूनिवर्सिटी**
२. **128 डीम्ड-टू-बी यूनिवर्सिटी**
३. **54 सेट्रंल यूनिवर्सिटी**
४. **432 प्राइवेट यूनिवर्सिटी**

इनमें से **398 यूनिवर्सिटी UGC** एक्ट की धारा 12-बी के तहत मान्यता प्राप्त हैं।
हालांकि यह आंकड़ा समय-समय पर बदलता रहता है क्योंकि **नई यूनिवर्सिटी** को मान्यता दी जाती है या कुछ **फर्जी यूनिवर्सिटी** पर कार्रवाई की जाती है। हाल ही में **IIMC को डीम्ड यूनिवर्सिटी** का दर्जा दिया गया है।

**भारत मे उंच्च शिक्षा की दिशा**

भारत में **उच्च शिक्षा** का दायरा दिन-ब-दिन बढ़ता जा रहा है। बढ़ती **यूनिवर्सिटीज़** की संख्या से यह स्पष्ट होता है कि **केद्रं और राज्य सरकारे** शिक्षा क्षेत्र में निवेश को प्राथमिकता दे रही हैं।
आने वाले वर्षों में इस क्षेत्र में और भी सकारात्मक बदलाव देखने को मिल सकते हैं।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.